न्यायालय अपर जिला जज, कक्ष संख्या–6, अयोध्या।

स०प्र० वाद संख्या–69/2009

श्रीराम बनाम सावित्री आदि

<u>दिनाँक–15.02.2025</u>

<u>निस्तारण प्रार्थना पत्र 71 ग</u>

प्रार्थना पत्र 71 ग पर आज सुनवाई की गयी।

71 ग प्रार्थना पत्र प्रार्थी ध्रुवराज की तरफ से बावत देने अनुमति संशोधन इस आशय का दिया गया है कि उपरोक्त स०प्र० संख्या में कायम मुकाम संशोधन प्रार्थना पत्र न्यायालय द्वारा स्वीकृत किया गया है परन्तु अस्वस्थता के कारण नियत समय के अन्दर प्रार्थी द्वारा संशोधन नही किया जा सका। अतः महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त स०प्र० संख्या में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वांछित संशोधन करने हेतु अनुमति देने की कृपा करें।

प्रतिपक्षी की तरफ से समय 03:45 पी०एम० बजे तक मौखिक व लिखित आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु कोई उपस्थित नही है न ही अभी तक कोई प्रार्थना पत्र है।

न्यायालय का मत है कि प्रार्थना पत्र 71 ग में वर्णित आधार संतोषप्रद प्रतीत होता है। प्रार्थना पत्र 71 ग न्यायहित में स्वीकृत होने योग्य है।

<u>आदेश</u>

प्रार्थना पत्र 71 ग स्वीकृत किया जाता है। प्रार्थी को न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु उपरोक्त स०प्र० वाद संख्या 69/2009 में संशोधन की अनुमति प्रदान की जाती है। प्रार्थी उपरोक्त स०प्र० वाद में संशोधन तीन दिन के अन्दर करे। पत्रावली वास्ते सुनवाई/अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनाँक 21.02.2025 को पेश हो।

दिनाँक: 15.02.2025

(प्रेम प्रकाश)
अपर जिला जज,
कक्ष संख्या–6, अयोध्या।
जे०ओ० कोड–यू०पी० 6506

Digitally signed by PREM PRAKASH
Date: 2025.02.17 11:41:06 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court